भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

****

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 29

जिसका उत्तर दिनांक 02 फरवरी, 2023 को दिया जाना है

ग्राम उजाला कार्यक्रम

29. श्री बृजभूषण शरण सिंहः
डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः
श्री संगम लाल गुप्ताः
श्री पी. पी. चौधरीः
श्री प्रताप चंद्र षड़ङ्गीः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ग्राम उजाला कार्यक्रम आज भी कार्यशील है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा के उन गांवों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है, जहां पुराने बल्बों को एलईडी बल्बों से बदला गया है;

(ग) क्या यह योजना उत्तर प्रदेश के गोंडा-बहराइच, देवरिया, प्रतापगढ़ और राजस्थान के पाली तथा ओडिशा के बालासोर में कार्यशील है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त राज्यों के उक्त जिलों में बदले गए एलईडी बल्बों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) : ग्राम उजाला स्कीम का कार्यान्वयन कनवर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) द्वारा किया गया है। इस स्कीम के अंतर्गत, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना (5 राज्यों) के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायोगिक परियोजना के रूप में 1 करोड़ एलईडी बल्ब वितरित किए गए हैं। ग्राम उजाला की अगुआई में वितरण कार्य पूरा हो गया है।

(ख) से (घ) : राजस्थान तथा ओडिशा राज्यों में ग्राम उजाला कार्यक्रम प्रायोगिक तौर पर कार्यान्वित नहीं किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य में, इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 50,343 गांवों को शामिल किया गया था। उत्तर प्रदेश के गोंडा, बहराइच, देवरिया और प्रतापगढ़ जिलों में एलईडी बल्ब वितरण का विवरण निम्नानुसार हैः

क्रम सं.	राज्य	जिला	वितरित किए गए एलईडी की संख्या		कुल
			7 वाट	12 वाट	
1.	उत्तर प्रदेश	गोंडा	15918	57152	73070
2.	उत्तर प्रदेश	बहराइच	32926	21367	54293
3.	उत्तर प्रदेश	देवरिया	30800	171948	202748
4.	उत्तर प्रदेश	प्रतापगढ़	36746	92809	129555

****